दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 21 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 203

# लोकसभा चुनाव 2024... लोकतंत्र के महायज्ञ की पहली आहुति, 102 सीटों पर 60 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

**नई दिल्ली । आरएनएस**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। पहले चरण की वोटिंग में देश की 102 सीटें दांव पर थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को चार संसदीय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। चुनाव के दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। पहले चरण में 76.01 लाख से ज्यादा मतदाताओं के मतदान के लिए 7,903 केंद्र बनाए गए थे। पहले चरण में करीब 48.23 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को राज्य के चार संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद, जमुई, नवादा और गया में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सुबह 7 बजे से प्रारंभ हुआ था। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर. श्रीनिवास ने बताया कि पहले चरण के चार लोकसभा क्षेत्रों में शाम 6 बजे तक मिली सूचना के मुताबिक करीब 48.23 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। हालांकि, यह आंकड़ा कुछ बढ़ सकता है। आंकड़ों के मुताबिक, सबसे अधिक गया में 50 प्रतिशत जबकि सबसे कम नवादा में करीब 41.50 प्रतिशत मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल के तीन लोकसभा क्षेत्रों कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी में शुक्रवार को छिटपुट हिंसा की रिपोर्ट के बीच शाम पांच बजे तक 56 लाख मतदाताओं में से 77.57 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। चुनाव



आयोग के मुताबिक शाम पांच बजे तक कूचबिहार में 77.73 प्रतिशत, अलीपुरद्वार में 75.54 प्रतिशत और जलपाईगुड़ी में 79.33 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बीच, चुनाव आयोग को अपराह्न दो बजे तक 468 शिकायतें मिलीं, जिनमें कूचबिहार से 218, अलीपुरद्वार से 150 और जलपाईगुड़ी से 100 शिकायतें शामिल हैं। सिक्किम की एकमात्र लोकसभा और 32 विधानसभा सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। चुनाव आयोग ने कहा कि शाम 5 बजे तक राज्य के 4.64 लाख मतदाताओं में से 68.06 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव आयोग के अनुसार, सिक्किम में 20 अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मतदान आज सुबह सात बजे शुरू हुआ और अपराह्न तीन बजे तक छोटे हिमालयी राज्य में 52.73 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

## मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, दो पुलिस अफसरों पर गिरी गाज

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी के मौके पर हुई हिंसा को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई की है। चुनाव आयोग ने दो पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। पोल पैनल ने अपने पत्र में कहा, चुनाव आयोग को पता चला है कि शक्तीपुर और बेलदाणा के ऑफिसर इन चार्ज हिंसा और दंगों को रोक पाने में सफल नहीं हुए ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। बता दें कि मुर्शिदाबाद के शक्तीपुर में 17 अप्रैल को हिंसा भडक़ गई थी। इसमें कम से कम 19 लोग घायल हुए थे। जानकारी के मुताबिक ऑफिसर इन चार्ज भी हिंसा में घायल हो गए थे। अब चुनाव आयोग आदेश के बाद शक्तीपुर की कानून व्यवस्था पुलिस हेडक्वार्टर के हाथ में है। चुनाव आयोग ने कहा है कि सस्पेंड किए गए अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट भी तैयार की जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने ही रामनवमी के मौके पर हिंसा भडक़ाई थी। इसी प्लान के तहत मुर्शिदाबाद के डीआईजी मुकेश कुमार को उस दिन शिफ्ट कर दिया गया था। उन्होंने कहा, यह हिंसा पहले से ही निर्धारित थी। भाजपा विधायक ने एक दिन पहले भी हंगामा किया था। इसके अलावा वह रामनवमी के मौके पर हथियार लेकर क्यों गए थे। मैं भाजपा कमीशन से पूछान चाहती हूं कि रामनवमी से पहले डीआईजी को क्यों हटा दिया गया। क्या भाजपा की मदद से यह सब किया गया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### इराकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमलों में एक की मौत, सात घायल

**बगदाद ।** इराक के मध्य प्रांत बाबिल में हशद शाबी बलों के बेस हाउसिंग मुख्यालय पर शनिवार तडक़े अज्ञात ड्रोन से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ड्रोन ने कैंप कलसू के नाम से जाने जाने वाले विशाल सैन्य स्थल को निशाना बनाया, जिसमें बाबिल प्रांत के उत्तरी भाग में महाविल क्षेत्र में इराकी सेना, फेडरल पुलिस और हशद शाबी बलों के अड्डे हैं। एक सूत्र ने कहा कि हवाई हमलों में एक हशद शाबी लड़ाका मारा गया। पांच लड़ाके और दो इराकी सैनिक घायल हो गए। जिन ठिकानों पर हमले किए गए उनमें आग भी लग गई। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एंबुलेंस से घायलों को अस्पतालों में पहुंचाया जा रहा है। बचाव दल और दमकल गाडिय़ां आग बुझाने में लगी हैं। हवाई हमलों के संबंध में इराकी सरकार की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है। लेकिन हशद शाबी बलों ने एक बयान में कहा कि एक जांच दल घटनास्थल पर पहुंच गया है और ज्यादा डिटेल बाद में सामने आएगी। इस बीच, ईरान समर्थित सैय्यद अल-शुहादा ब्रिगेड के महासचिव अबू अला अल-वलई ने एक ऑनलाइन बयान में कहा, जांच की जा रही है। हशद शाबी अड्डे पर हुए हमले के पीछे जो कोई भी है, उसे जवाब दिया जाएगा।

### उत्तर कोरिया ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए 'सुपर-लार्ज वॉरहेड' का किया परीक्षण

**प्योंगयांग ।** उत्तर कोरिया ने एक रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए सुपर-लार्ज वॉरहेड का शक्ति परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने इसी सप्ताह पीले सागर में एक नई विमानभेदी मिसाइल का परीक्षण भी किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस परीक्षण के माध्यम से एक निश्चित लक्ष्य प्राप्त किया गया। इसमें कहा गया कि वारहेड को ह्वासल-1 रा-3 रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए डिजाइन किया गया है और नई विमान भेदी मिसाइल प्योलजी-1-2 है। दोनों परीक्षण कथित रूप से उत्तर कोरियाई मिसाइल प्रशासन की नियमित गतिविधियों का हिस्सा थे।

### अमेरिका ने पाकिस्तान को दिया बड़ा झटका, बैलिस्टिक मिसाइल सामग्री आपूर्ति करने वाली संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन ।** अमेरिका ने पाकिस्तान को कथित रूप सेर बैलिस्टिक मिसाइल सामग्री की आपूर्ति करने वाले तीन चीनी और एक बेलारूसी इकाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह जानकारी विदेश विभाग ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने विज्ञप्ति में कहा कि आज हम कार्यकारी आदेश 13382 के अनुसार, चार संस्थाओं को नामित कर रहे हैं, जो सामूहिक विनाश के हथियारों और उनके वितरण के साधनों को लक्षित करते हैं। इसमें से तीन संस्थाएं पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में स्थित हैं और एक बेलारूस में स्थित हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के लिए मिसाइल-प्रायोज्य सामग्रियों की आपूर्ति की है, जिसमें इसकी लंबी दूरी की मिसाइल कार्यक्रम भी शामिल है।श्री मिलर ने कहा कि यह प्रतिबंध बेलारूस स्थित मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट के साथ-साथ चीन स्थित शीआन लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड पर लगाया गया है।

### लापता हुई 95 वर्षीय परदादी परिवार से दोबारा मिलकर डालना चाहती हैं वोट

**कोलकाता (आरएनएस)।** कोलकाता के पास हावड़ा में फुटपाथ पर बेहोश मिली बिहार के बांका जिले की 95 वर्षीय महिला शनिवार को अपने परिवार से मिल गईं। उन्होंने सहयोग के लिए पुलिस व शौकिया रेडियो ऑपरेटरों के संगठन पश्चिम बंगाल रेडियो क्लब (डब्ल्यूबीआरसी) को धन्यवाद दिया और लोकसभा चुनाव में वोट देने की इच्छा जताई। महिला सजमू निशा सजोमन ने बचावकर्ताओं से दो गुहार लगाई थी। वह अपने परपोते-पोतियों से मिलना चाहती है, क्योंकि वे तभी भोजन करते थे, जब वह उन्हें कहानियां सुनाती थीं और वह सलमानपुर गांव में अपने घर के पास बूथ पर आखिरी बार अपना वोट डालना चाहती हैं।

## अमेरिका में भारतीय छात्र की मौत ब्लू व्हेल गेम से जुड़ी होने की संभावना

**वाशिंगटन**

अमेरिका में प्रथम वर्ष के एक छात्र ने एक गेम खेलते-खेलते अपनी जान दे दी। घटना मार्च की बताई जा रही है। ऐसी आशंका है कि मौत के इस मामले के पीछे 'ब्लू व्हेल चैलेंज' ऑनलाइन गेम था, जिसे 'सुसाइड गेम' भी कहा जाता है।

20 वर्षीय मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष का छात्र 8 मार्च को मृत मिला था। ब्रिस्टल काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के प्रवक्ता ग्रेग मिलियोट का कहना है कि मामले की जांच आत्महत्या के एंगल से की जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, शुरू में कहा जा रहा था कि छात्र की हत्या की गई है। छात्र को लूटा गया और फिर हत्या कर उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। छात्र का शव जंगल में कार में मिला था। बोस्टन ग्लोब अखबार ने बाद में छात्र की पहचान उसके नाम से की।

दुनिया भर में नाबालिगों और युवाओं को




शिकार बनाने के लिए जाने जाने वाले इस खतरनाक गेम को खेलते समय, भारत और विदेश में भारतीय छात्रों और नाबालिगों और अभिभावकों के लिए एक सतर्क घटना के रूप में रिपोर्ट किए जाने की जरूरत है।

'ब्लू व्हेल चैलेंज' एक ऑनलाइन गेम है, जिसमें प्रतिभागियों (पार्टिसिपेंट) को एक चैलेंज दिया जाता है। इस गेम में 50 स्टेप्स हैं, जो धीरे-धीरे कठिन होते जाते हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चैलेंज के तौर पर छात्र ने दो मिनट तक सांसें रोक कर रखीं। भारत के लिए ब्लू व्हेल चुनौती से मौत की यह पहली घटना हो सकती है।

भारत सरकार कई साल पहले 'ब्लू व्हेल चैलेंज' पर प्रतिबंध लगाना चाहती थी, लेकिन इसके बजाय एक एडवाइजरी जारी कर छोड़ दिया गया।

भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गेम के शुरू होने के एक साल बाद 2017 में जारी एक एडवाइजरी में कहा, ब्लू व्हेल गेम (सुसाइड गेम) आत्महत्या के लिए उकसाने वाला है। इसलिए इससे दूर रहें।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह गेम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खेला जाता है। इसमें एक एडमिनिस्ट्रेटर और पार्टिसिपेंट शामिल होता है। एडमिनिस्ट्रेटर 50 दिन की अवधि के दौरान प्रतिदिन एक कार्य सौंपता है। शुरुआत में ये कार्य सरल होते हैं, लेकिन अंतिम चरण में खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ वे काफी कठिन होते जाते हैं।

गौरतलब है कि 2015 से 2017 के बीच रूस में ब्लू व्हेल चैलेंज से कई मौतें हुईं थीं।

## हैदराबाद में भारी बारिश, लोगों को भीषण गर्मी से राहत

**हैदराबाद । आरएनएस**

हैदराबाद और तेलंगाना के कई जिलों में शनिवार को तूफान के साथ भारी बारिश हुई। बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। शहर और बाहरी इलाकों के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे सडक़ों पर पानी भर गया और यातायात प्रभावित हुआ।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हैदराबाद, जगतियाल, जनगांव, जोगुलम्बा गडवाल, कामारेड्डी, मल्काजगिरी, नगरकुर्नूल, निर्मल, निजामाबाद, राजन्ना सिरसिल्ला, रंगारेड्डी, संगारेड्डी, सिद्दीपेट, वानापर्थी, वारंगल, हनमकोंडा और यदाद्री भुवनगिरी में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की। आईएमडी के शनिवार को जारी बुलेटिन में लोगों को सलाह दी गई कि वे मौसम की बिगड़ती स्थिति पर नजर रखें और उसके अनुसार सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहें। शहर के बाहरी इलाकों सहित राज्य के कुछ हिस्सों में शुक्रवार शाम को बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। शनिवार तडक़े इसमें और तेजी आ गई। राजेंद्रनगर, तुर्कयाम्जल, सरूरनगर, नागोले, उप्पल, चैतन्यपुरी, कीसरा, दम्मईगुडा, यपराल, आदिकमेट, गाचीबाउली, नाचाराम, हब्सीगुडा और कई अन्य इलाकों में मध्यम से भारी बारिश हुई। बारिश के कारण दफ्तर जाने वाले लोग फंस गए। स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा।

## शोधकर्ताओं को बड़ी सफलता, कैंसर से लड़ने और स्वस्थ कोशिकाओं को सुरक्षित रखने के लिए विकसित की नई थेरेपी

**नई दिल्ली । आरएनएस**

अमेरिकी शोधकर्ताओं ने एक नई इम्यूनोथेरेपी तकनीक विकसित की है जो स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना ट्यूमर को प्रभावी ढंग से लक्षित करने वाले संभावित उपचार के रूप में साइटोकिन प्रोटीन का उपयोग करती है।

साइटोकिन्स छोटे प्रोटीन अणु होते हैं जो शरीर में सूजन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। वे कैंसर से लडऩे और उपचार की प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा कोशिकाओं द्वारा जारी किए जाते हैं।

वर्जीनिया टेक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की टीम ने नई तकनीक विकसित की है जो यह सुनिश्चित करती है कि प्रतिरक्षा कोशिका साइटोकिन्स को बढ़ावा देती है जो ट्यूमर को अन्य टीशू अंगों में फैलने से रोकती है। यह शरीर के बाकी हिस्सों में विषाक्तता को उजागर न करने के लिए साइटोकिन्स संरचना और प्रतिक्रियाशीलता स्तर को भी संरक्षित करता है।

वर्जीनिया टेक में केमिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर रोंग टोंग ने कहा, कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने के लिए प्रतिरक्षा कोशिकाओं को उत्तेजित करने में साइटोकिन्स अत्यधिक प्रभावी हैं।

उन्होंने कहा, समस्या यह है



कि वे इतने शक्तिशाली हैं कि यदि वे पूरे शरीर में स्वतंत्र रूप से घूमते हैं तो वे अपने सामने आने वाली प्रत्येक प्रतिरक्षा कोशिका को सक्रिय कर देंगे, जिससे संभावित घातक दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

इसके विपरीत वर्तमान कैंसर उपचार जैसे कि कीमोथेरेपी स्वस्थ कोशिकाओं और कैंसर कोशिकाओं के बीच अंतर नहीं कर पाती है जिसके चलते बालों का झडऩा और थकान जैसे दुष्प्रभाव होते हैं क्योंकि यह शरीर की सभी कोशिकाओं को प्रभावित करता है।

शोधकर्ताओं ने जर्नल साइंस एडवांसेज में प्रकाशित पेपर में कहा, ट्यूमर पर हमला करने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करना कैंसर के इलाज का एक आशाजनक विकल्प है। साइटोकिन्स ट्यूमर में प्रतिरक्षा कोशिकाओं को शुरू कर सकता है लेकिन स्वस्थ कोशिकाओं को अत्यधिक उत्तेजित करने से गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

## महिला ने एक साथ दिया 6 बच्चों को जन्म

**रावलपिंडी । आरएनएस**

पाकिस्तान में एक महिला ने 6 बच्चों को एकसाथ जन्म दिया है। मां और बच्चे सभी स्वस्थ हैं। सभी बच्चों को महिला ने एक घंटे के अंतराल में जन्म दिया। महिला का नाम जीनत वहीद है। मोहम्मद वहीद की पत्नी जीनत वहीद गर्भवती थी और उन्हें डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। यहां उन्होंने छह बच्चों को जन्म दिया है।

नवजात बच्चों में चार लडक़े और दो लड़कियां हैं। रावलपिंडी जिला अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर फरजाना ने बताया कि सभी छह बच्चों का वजन दो पाउंड



से कम है लेकिन बच्चे और जच्चा मां की सेहत फिलहाल ठीक है। बच्चों को इनक्यूबेटर में रखा है लेकिन कोई खतरे की बात नहीं है। लेबर रूम में कार्यरत डॉक्टर ने जानकारी दी कि यह डिलीवरी कोई साधारण या मामूली नहीं थी, जिसमें कई परेशानियां आई थीं। जीनत को भी बच्चों को जन्म देने के बाद कुछ दिक्कतें आईं, लेकिन डॉक्टर ने इसे कुछ दिनों में स्वाभाविक रूप से ठीक होने का अनुमान लगाया है। इस अद्वितीय स्थिति के बाद, डॉक्टर और अस्पताल के स्टाफ काफी खुश हैं। डॉक्टर ने यह भी कहा कि इसमें भगवान की कृपा है कि मां और बच्चों की स्वस्थता को बनाए रखा है।

## सनकी पिता ने दो बेटियों पर चाकू से किया वार, एक की मौत; दूसरी जिंदगी और मौत से लड़ रही जंग

**मुजफ्फरपुर । आरएनएस**

बिहार के मुजफ्फरपुर में एक सनकी पिता ने अपनी ही बेटी को मौत के घाट उतार दिया। उसकी दो बेटियां हैं, उसने दोनों पर चाकुओं से वार किया। एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी अभी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है।



घटना के बाद बच्ची को तुरंत एसकेएमसीएच अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां एक बच्ची ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, दूसरे का इलाज जारी है। उधर, मामले की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी इसी बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि आखिर कोई पिता ऐसे कैसे कर सकता है? आखिर कोई अपनी ही बेटी को कैसे मौत के घाट उतार सकता है?

फिलहाल, स्थानीय लोग पिता के दिमागी हालत पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से बच रहे हैं, लेकिन इस तरह के मामले में नृशंस वारदात को अंजाम देने वाला शख्स दिमागी रूप से असंतुलित या सनकी पाया जाता है। उधर, पुलिस भी इस पर विस्तृत बयान देने से बच रही है।

मुजफ्फरपुर एसएसपी राकेश कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कारवाई में जुटी हुई है। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर तुरंत एफएसएल की टीम को बुलाया गया, जो फिलहाल वस्तुस्थिति को समझने का प्रयास कर रही है।

## देश के जीडीपी में 8.3 फीसदी से अधिक का योगदान देता है गुजरात : वित्त मंत्री

**अहमदाबाद । आरएनएस**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में मौजूदा सरकार की परिवर्तनकारी आर्थिक नीतियों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले मुद्रास्फीति दहाई अंक में थी और व्यवसाय विदेश भाग रहे थे। वर्तमान सरकार ने मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल किया है। सीतारमण ने कहा, आरबीआई अब बैलेंस शीट की दोहरी समस्या को एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखता है, जो हमारी सफल आर्थिक रणनीतियों का प्रतीक है।




गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), अहमदाबाद चैप्टर की पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा 'संवाद विकासशील भारत ञ्च2047' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कपड़ा, रसायन, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने में राज्य की रणनीतिक भूमिका और नेतृत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, देश की केवल 5 प्रतिशत भूमि के साथ, गुजरात आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 8.3 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है।

वित्त मंत्री ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में पार्टी सदस्यों से भी मुलाकात की। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के संघर्षों के बिल्कुल विपरीत, कोविड-19 महामारी के कारण हुई वैश्विक उथल-पुथल के बाद भारतीय बैंकों के मजबूत प्रदर्शन पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारे बैंकों ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है और बैंकिंग मुद्दों तथा विलय का सफल समाधान भारत के वित्तीय बुनियादी ढांचे की मजबूती को रेखांकित करता है।